# <u>अभ्यर्थियों हेतु निर्देश</u>

1. अभ्यर्थी राजस्थान उच्च न्यायालय की आधिकारिक वेबसाईट *www.hcraj.nic.in* पर दिए गए लिंक 'Admit Card' पर क्लिक कर अपनी यूजर आईडी एवं पासवर्ड की सहायता से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। उक्त डाउनलोड किए गए **प्रवेश पत्र (Admit Card)** को अभ्यर्थी अपने साथ लाएंगे। **अभ्यर्थी अपने साथ अपनी हाल ही में खींची हुई 2.5cm X 2.5cm की रंगीन फोटो लायेंगे।** ऐसे अभ्यर्थी, जिनके पास प्रवेश पत्र नहीं है, उन्हें परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
2. प्रवेश पत्र व रंगीन फोटोग्राफ के अतिरिक्त, प्रत्येक अभ्यर्थी को अपने साथ निम्नांकित लाना अनिवार्य होगाः–
   (a) **स्वयं के फोटो युक्त मूल (original) पहचान पत्रों (आधार कार्ड/ड्राईविंग लाईसेन्स/वोटर आईडी कार्ड/पासपोर्ट/पैन कार्ड) में से कोई एक, उसकी फोटो प्रति के साथ।**
   (**b**) **काला/नीला बॉल प्वाईन्ट पैन।**
3. अभ्यर्थी को निर्देशित किया जाता है कि वह अपने पहचान पत्र की फोटो प्रति पर अपने रोल नम्बर अंकित करें।
4. अभ्यर्थी अपने साथ **पानी की पारदर्शी बोतल** ला सकेंगे।
5. परीक्षा केन्द्र में मोबाईल फोन, ब्लूटूथ, स्मार्ट वॉच, कैलकुलेटर, पेजर अथवा अन्य किसी तरह के इलेक्ट्रॉनिक/संचार उपकरण, स्लाईड रूल, ज्यामितीय बॉक्स, बटुआ, थैला आदि को, सुरक्षित रखने की व्यवस्था न होने के कारण, इन वस्तुओं को परीक्षा केन्द्र के भीतर लाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। राजस्थान उच्च न्यायालय/केन्द्राधीक्षक किसी भी वस्तु के नुकसान/क्षति के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
6. **अभ्यर्थियों को प्रवेश–पत्र में उल्लिखित रिपोर्टिंग समय से पहले परीक्षा केन्द्र पर पहुंचना होगा, उक्त समय से देरी से आने पर उन्हें कम्प्यूटर टेस्ट में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।**
7. **प्रत्येक अभ्यर्थी अपने परीक्षा केन्द्र में परीक्षा/लैब में उसके लिए निर्धारित सीट पर ही बैठे।**
8. लेखन सामग्री, स्टेन्सिल्स आदि का आदान–प्रदान पूर्णत निषिद्ध है।
9. **परीक्षा केन्द्र/परीक्षा की तिथि एवं शिफ्ट में परिवर्तन के अनुरोध पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जाएगा।**
10. परीक्षा समाप्त होने तक किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा कक्ष (लैब) से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी।
11. परीक्षा समाप्त होने पर वीक्षक द्वारा निर्देशित नहीं किये जाने तक अभ्यर्थी अपनी सीट से न उठें। अभ्यर्थियों को एक–एक कर बाहर जाने की अनुमति दी जाएगी।

12. अभ्यर्थी जो नोडल अधिकारियों/केन्द्राधीक्षक/वीक्षक द्वारा जारी किए गए निर्देशों की अवज्ञा करता है या जो असभ्य या अवज्ञाकारी व्यवहार का दोषी पाया जाता है, वह परीक्षा कक्ष/लैब से तुरन्त निष्कासित किये जाने हेतु उत्तरदायी होगा।
13. **इन निर्देशों का उल्लंघन करने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा से विवर्जित कर दिया जाएगा एवं दाण्डिक कार्यवाही के अधीन भी रखा जा सकता है।**
14. परीक्षा में बैठने हेतु अभ्यर्थियों के लिए कोई यात्रा भत्ता/भोजन भत्ता देय नहीं होगा।

## कम्प्यूटर टेस्ट (गति एवं दक्षता परीक्षा) की प्रक्रिया

1. अभ्यर्थी वीक्षक एवं स्पीकर के माध्यम से दिए जा रहे निर्देशों का अनुपालन करेंगे।
2. एक बार परीक्षा कक्ष (लैब) में प्रवेश किए जाने के पश्चात्, कम्प्यूटर टेस्ट की सम्पूर्ण प्रक्रिया समाप्त होने तक किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा कक्ष (लैब) से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी।
3. अभ्यर्थी, अपने कम्प्यूटर पर यूजर आई–डी एवं पासवर्ड की एन्ट्री कर लॉग–इन कर सकेंगे एवं यह सुनिश्चित करेंगे कि कम्प्यूटर की स्क्रीन पर उनका सही नाम एवं रोल नम्बर प्रदर्शित हो रहा है।
4. अभ्यर्थी, कम्प्यूटर के सहायक उपकरणों जैसे की–बोर्ड, मॉनिटर, माउस आदि की जांच कर सकेंगे इस हेतु उन्हें अपने कम्प्यूटर के डेस्कटॉप पर दिखाई दे रहे आईकन *"Peripheral Check"* पर क्लिक कर, अभ्यास के लिए कुछ टाईप करना होगा। यदि कोई उपकरण ठीक से काम नहीं कर रहा है तो अभ्यर्थी, वीक्षक से उसे बदलवाने का अनुरोध करेंगे। इस दौरान अभ्यर्थी किसी तरह का शोरगुल नहीं करेंगे एवं धैर्यपूर्वक उक्त उपकरण को ठीक किए जाने/प्रतिस्थापित किए जाने का इन्तजार करेंगे। उपकरणों के ठीक पाए जाने के पश्चात् अभ्यर्थी *"Close"* बटन पर क्लिक करेंगे।
5. कम्प्यूटर टेस्ट दो चरणों – गति एवं दक्षता परीक्षा के रूप में लिया जाएगा।
6. लॉग–इन के बाद, गति परीक्षा **(Speed Test)** प्रारम्भ होगी, जिसके लिए अभ्यर्थियों को कम्प्यूटर स्क्रीन के ऊपरी आधे भाग में दिखाई देने वाले गद्यांश को कम्प्यूटर स्क्रीन में निचले आधे भाग में टाइप करना होगा। अभ्यर्थी निर्धारित समयावधि के अध्यधीन रहते हुए तब तक इसे टाइप कर सकेंगे जब तक कि पूरा गद्यांश टाइप नहीं हो जाता। इस हेतु

गद्यांश की विंडो को नीचे स्क्रॉल किया जा सकेगा। यदि समय शेष बचता है तो गद्यांश को आरम्भ से दुबारा टाईप भी कर सकते हैं।

7. गति परीक्षा, हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में 5–5 मिनट की अवधि की आयोजित की जाएगी। प्रथमतः हिन्दी भाषा में गति परीक्षा आयोजित की जाएगी। तदोपरान्त अभ्यर्थी कन्फर्मेशन स्क्रीन पर क्लिक करेंगे। तत्पश्चात् अंग्रेजी भाषा में गति परीक्षा आयोजित की जाएगी। दोनों भाषाओं की गति परीक्षा के मध्य में 2 मिनट का अन्तराल दिया जाएगा। जो अभ्यर्थी प्रतीक्षा नहीं करना चाहते हैं, वे 'स्टार्ट बटन' पर क्लिक कर तुरन्त अंग्रेजी भाषा की गति परीक्षा प्रारंभ कर सकेंगे। अभ्यर्थी कन्फर्मेशन स्क्रीन पर क्लिक करेंगे।
8. गति परीक्षा के दौरान डिलीट, नेविगेशन एवं स्पैल चैक फंक्शन डिस्एबल्ड रहेंगे किन्तु बैंकस्पेस कुंजी का सीमित उपयोग किया जा सकेगा यानि कि किसी भी शब्द को टाईप करते समय बैकस्पेस कुंजी उस शब्द की सीमा तक उपयोग में ली जा सकेगी परन्तु शब्द पूर्ण होने पर जैसे ही स्पेस बार का प्रयोग करेंगे तो बैकस्पेस कुंजी पीछे के किसी भी शब्द के लिये एनेबल्ड नहीं रहेगी। इसी तरह दक्षता परीक्षा के दौरान कट–कॉपी–पेस्ट फंक्शन तथा राईट क्लिक ऑप्शन के अतिरिक्त सभी कुंजियाँ एनेबल्ड रहेगी।
9. अभ्यर्थियों को सख्ती से निर्देशित किया जाता है कि वे अनुमत कुंजियों एवं टाईपिंग हेतु आवश्यक कुंजियों के अतिरिक्त किसी अन्य कुंजी को न दबायें। गति एवं दक्षता परीक्षा का समस्त मूल्यांकन प्रोग्रामेटिक विधि से किया जाता है। अतएव, गैर–अनुमत कुंजियों का उपयोग मूल्यांकन की प्रक्रिया को बाधित कर सकता है, जिस हेतु अभ्यर्थी स्वयं उत्तरदायी होंगे।
10. गति परीक्षा पूर्ण होने के पश्चात्, 5 मिनट का समय दिया जाएगा। तत्पश्चात् 10 मिनट की अवधि की दक्षता परीक्षा **(Efficiency Test)** प्रारम्भ होगी। उक्त 5 मिनट की अवधि के दौरान अभ्यर्थियों को वीक्षक द्वारा दक्षता परीक्षा हेतु प्रश्न–पत्र वितरित किये जाएंगे।
11. दक्षता परीक्षा की समाप्ति के पश्चात् अभ्यर्थी दक्षता परीक्षा के प्रश्न–पत्र पर हस्ताक्षर कर प्रश्न–पत्र वीक्षक के पास आवश्यक रूप से जमा करायेंगे। किसी भी अभ्यर्थी को दक्षता परीक्षा के प्रश्न–पत्र अपने साथ ले जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
12. गति एवं दक्षता परीक्षा की समाप्ति के पश्चात्, अभ्यर्थियों को परफॉर्म किए गए टेक्स्ट को सेव/सुरक्षित करने हेतु कन्फर्मेशन स्क्रीन पर

अनिवार्य रूप से क्लिक करना होगा। क्लिक न करने की दशा में अभ्यर्थी द्वारा किए गए कार्य का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा।

13. गति एवं दक्षता परीक्षा का समस्त मूल्यांकन प्रोग्रामेटिक विधि से किया जाता है, अतएव अभ्यर्थियों को चाहिए कि वे प्रश्न–पत्र में निर्देशित टास्क के अतिरिक्त कोई नया फील्ड इन्सर्ट करने, एन्टर कुंजी को दबाने अथवा कोई अन्य शब्द या कैरेक्टर को इन्सर्ट न करें। ऐसा करने से कम्प्यूटर की डिफॉल्ट सेटिंग में परिवर्तन हो सकता है तथा अभ्यर्थियों द्वारा प्रश्नगत टास्क सफलतापूर्वक पूर्ण किए जाने के पश्चात् भी, उनके उत्तर का मूल्यांकन नहीं किया जा सकेगा।

14. अभ्यर्थियों को परीक्षा के प्रत्येक चरण की अवधि का सजगता से ध्यान रखना चाहिए क्योंकि प्रत्येक चरण हेतु निर्धारित समय पूरा होने के पश्चात् प्रोग्राम ऑटोमेटिक रूप से स्वतः बन्द हो जाएगा।